सार्वजनिक सूचना

मुख्य अधिशासी अधिकारी, छावनी परिषद्, महू द्वारा विज्ञप्ति जारी कर बताया गया कि पत्रकारवार्ता के दौरान पत्रकार साथियों द्वारा सार्वजनिक स्थानो पर उत्पन्न किये गये अवरोधो एवं बिगडती यातायात व्यवस्था को सुधारे जाने इत्यादि बिन्दुओं पर की गई चर्चानुसार महू छावनी क्षेत्र के आम नागरिकों को से अपेक्षा की जाती है, कि वे सार्वजनिक स्थानो एवं शासकीय भूमि/रास्ते/नालियो/मैदानो पर रखी गई व्यवसायिक सामग्री/पुराने वाहन/भंगार/होर्डिंग्स/व्यवसायिक विज्ञापन वाले बैनर इत्यादि समस्त सामग्री को स्वयं हटा लेवे ।

आम नागरिको के द्वारा सहयोग न किये जाने की दशा में छावनी परिषद्, महू द्वारा यातायात एवं सार्वजनिक स्थलों पर अवैध अतिक्रमण कर रखी गई सामग्री अवरोधों को हटाने की कार्यवाही की जावेगी । साथ ही छावनी परिषद् द्वारा किन्ही भी अतिक्रमण व न्यूसेंसों को हटाने हेतू लोक सूचना अथवा सूचना पत्र जारी किये गये है । उन पर भी कार्यवाही की जावेगी ।

मुख्य अधिशासी अधिकारी छावनी परिषद्, महू द्वारा यह भी बताया गया कि यह कार्यवाही समग्र लोकहित में की जाना प्रस्तावित है । इस हेतू समस्त नागरिक अपना सहयोग प्रदान करें ।

01/9/23
मु.अ.अ.